Reporters Required!
For
Delhi, Haryana, UP, Ludhiana, Shimla, Bihar, Jammu, Jaipur Amritsar, Bathinda,
Call/WhatsApp:
+91-9157875000
+91-9041488440
Email:
azadvaani65@gmail.com

Monthly Hindi/English Newspaper

Published from SAS Nagar (Mohali)

# Azad वाणी

NEWS • VIEWS • ANALYSIS

RNI No.
PBBIL/26/A0779




| Sat - 18 Jul - 2026 | Year - 01 | Issue - 103 | Page - 01 | Rs. - 5 | www.azadvaani.com |
|---|---|---|---|---|---|

# राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ में कोकून हॉस्पिटल का किया उद्घाटन, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी नई मजबूती




चंडीगढ़, 18 जुलाई। पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने शनिवार को चंडीगढ़ में आरजे कॉर्प हेल्थकेयर के अत्याधुनिक कोकून हॉस्पिटल का विधिवत शुभारंभ किया। महिलाओं, गर्भवती माताओं, नवजात शिशुओं और बच्चों के लिए समर्पित यह अस्पताल आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं, अनुभवी विशेषज्ञों और व्यक्तिगत देखभाल (पर्सनलाइज्ड केयर) के साथ मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं का नया केंद्र बनेगा।

कोकून हॉस्पिटल का उद्देश्य गर्भावस्था से लेकर सुरक्षित प्रसव, नवजात शिशु की देखभाल और बच्चों के संपूर्ण उपचार तक सभी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है। अस्पताल में अत्याधुनिक मेडिकल टेक्नोलॉजी, आधुनिक ऑपरेशन थिएटर, उन्नत डायग्नोस्टिक सुविधाएं और विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम मरीजों को विश्वस्तरीय उपचार उपलब्ध कराएगी। साथ ही प्रत्येक मरीज की जरूरत के अनुसार व्यक्तिगत स्वास्थ्य देखभाल पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

उद्घाटन समारोह में उपस्थित गणमान्य लोगों को संबोधित करते हुए राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति उसकी माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित ऐसे अस्पताल स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देने के साथ-साथ लोगों का भरोसा भी मजबूत करेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह संस्थान क्षेत्र के लोगों को गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

इस अवसर पर आरजे कॉर्प हेल्थकेयर के फाउंडर एवं चेयरमैन रवि कांत जयपुरिया ने कहा कि हर मां और हर बच्चे को सुरक्षित, भरोसेमंद और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं मिलना उनका मूल उद्देश्य है। इसी सोच के साथ कोकून हॉस्पिटल की शुरुआत की गई थी और अब देशभर में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं का मजबूत नेटवर्क विकसित करने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि चंडीगढ़ में अस्पताल की शुरुआत के बाद जल्द ही लखनऊ और गुवाहाटी में भी नए कोकून हॉस्पिटल स्थापित किए जाएंगे। इन अस्पतालों के माध्यम से अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीक, विशेषज्ञ डॉक्टरों और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाएं अधिक से अधिक परिवारों तक पहुंचाई जाएंगी।

कोकून हॉस्पिटल में प्रसूति एवं स्त्री रोग, नवजात शिशु चिकित्सा (नीओनेटोलॉजी), बाल रोग, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था (हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी), नवजात गहन चिकित्सा (एनआईसीयू), टीकाकरण, पोषण परामर्श और महिलाओं से जुड़ी विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। अस्पताल का लक्ष्य माताओं और बच्चों को सुरक्षित, सहज और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराते हुए स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में नए मानक स्थापित करना है।

## सीजेआई सूर्यकांत ने पंजाब में युवा सुधार एवं पुनर्वास अभियान का किया शुभारंभ



चंडीगढ़, 18 जुलाई। भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने शनिवार को पंजाब में युवाओं को नशे की लत से बाहर निकालने और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से युवा सुधार एवं पुनर्वास अभियान का शुभारंभ किया। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश तथा अन्य न्यायाधीशों की उपस्थिति में शुरू किया गया यह राज्यव्यापी अभियान 18 जुलाई से 31 अक्टूबर 2026 तक मिशन मोड में सभी जिला कानूनी सेवा प्राधिकरणों (डीएलएसए) के माध्यम से चलाया जाएगा।

पंजाब राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण के अनुसार अभियान का उद्देश्य नशे से प्रभावित युवाओं को उपचार, परामर्श और पुनर्वास की सुविधाएं उपलब्ध कराना, मादक पदार्थों के सेवन की रोकथाम करना तथा उन्हें सम्मानपूर्वक नशा-मुक्त जीवन की ओर लौटाना है।

## अमृतसर पुलिस ने सीमा पार नार्को-हथियार तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़, 5.5 किलो हेरोइन व दो पिस्तौल बरामद



चंडीगढ़/अमृतसर, 18 जुलाई। पंजाब पुलिस ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत चलाए जा रहे नशा विरोधी अभियान के दौरान बड़ी सफलता हासिल करते हुए अमृतसर में सीमा पार से संचालित नशीले पदार्थों और अवैध हथियार तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 5.557 किलोग्राम हेरोइन, दो आधुनिक पिस्तौल (एक 9 एमएम ग्लॉक और एक .30 बोर) तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आकाश संधू, सुनील सरोज, हरविंदर सिंह उर्फ चमकौर और वंश सिंह के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी विदेशी तस्करों के संपर्क में थे और नशीले पदार्थों व हथियारों की खेप स्थानीय आपराधिक तत्वों तक पहुंचाते थे।

## स्वर्गीय हरि सिंह की स्मृति में रक्तदान शिविर, 60 यूनिट रक्त संग्रहित; स्वास्थ्य जागरूकता और नि:शुल्क जांच शिविर भी आयोजित

चंडीगढ़, 18 जुलाई 2026। मोटरस्पोर्ट्स के दिग्गज स्वर्गीय हरि सिंह की स्मृति में वूमेन एंड चाइल्ड केयर वेलफेयर फाउंडेशन (डब्ल्यूसीसीडब्ल्यूएफ) द्वारा प्रमुख स्वास्थ्य संस्थानों के सहयोग से रामगढ़िया भवन, सेक्टर-27, चंडीगढ़ में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जागरूकता व्याख्यान तथा नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। समाज सेवा को समर्पित इस आयोजन में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कुल 60 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।



"द जिप्सी किंग" और "द फ्लाइंग सिख" के नाम से प्रसिद्ध रहे स्वर्गीय हरि सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में उनके पुत्र मिवान सिंह और बेटी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। दोनों ने रक्तदाताओं और आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोगों द्वारा रक्तदान के माध्यम से उनके पिता की स्मृति को सम्मान देना पूरे परिवार के लिए भावुक करने वाला क्षण है। मिवान सिंह ने कहा कि उनके पिता हमेशा साहस, समर्पण और समाज सेवा के मूल्यों में विश्वास रखते थे तथा आज एकत्रित रक्त की प्रत्येक यूनिट किसी जरूरतमंद के जीवन में नई उम्मीद लेकर आएगी।

डब्ल्यूसीसीडब्ल्यूएफ के महासचिव कमलजीत सिंह ने सभी स्वैच्छिक रक्तदाताओं, चिकित्सकों और सहयोगी संस्थाओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि 60 यूनिट रक्त का संग्रह अनेक जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी साबित होगा। उन्होंने कहा कि संस्था भविष्य में भी ऐसे सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी, जिनसे जनभागीदारी, स्वास्थ्य जागरूकता और सेवा भावना को बढ़ावा मिले।

कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित करना, नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा समाज सेवा की भावना को मजबूत करना था। इस दौरान यूरोलॉजी विशेषज्ञों ने मूत्र संबंधी रोगों, उनकी समय पर पहचान और बचाव के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। प्रतिभागियों के लिए नि:शुल्क नेत्र जांच, स्वास्थ्य परामर्श और चिकित्सकीय मार्गदर्शन की भी व्यवस्था की गई।

रक्तदान शिविर का संचालन टाटा मेमोरियल सेंटर (होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र) की विशेषज्ञ टीम ने किया। वहीं ग्रीसियन पार्क अस्पताल, मिर्चियाज लेजर आई क्लिनिक, डॉ. अग्रवाल आई हॉस्पिटल सहित अन्य स्वास्थ्य संस्थानों ने चिकित्सा सहयोग प्रदान किया।

## मनरेगा कर्मचारियों को नियमित करने की मांग: पंजाब के मंत्री तरुणप्रीत सिंह सौंद ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को लिखा पत्र



चंडीगढ़, 18 जुलाई। पंजाब के ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री तरुणप्रीत सिंह सौंद ने केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर हाल ही में लागू की गई विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (वीबी-जी राम जी) योजना के तहत कार्यरत मनरेगा कर्मचारियों को नियमित करने और उनकी नौकरी की सुरक्षा के लिए देशव्यापी नीति बनाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार राज्य के 2,100 से अधिक मनरेगा कर्मचारियों के साथ मजबूती से खड़ी है और उनके हितों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

पंजाब भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के स्थान पर नई योजना लागू करने से वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों का भविष्य अनिश्चित हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि नई योजना का वित्तीय बोझ राज्यों पर डाल दिया गया है, जबकि लंबे समय से कार्यरत कर्मचारियों की सेवाओं और अनुभव की अनदेखी की जा रही है। साथ ही उन्होंने लंबित वेतन का तत्काल भुगतान करने की भी मांग की।

सौंद ने कहा कि पंजाब में पिछले लगभग 18 वर्षों से 2,000 से 2,100 कर्मचारी, जिनमें तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सहायक, कंप्यूटर ऑपरेटर और अन्य कर्मचारी शामिल हैं, मनरेगा योजना के तहत ग्रामीण विकास कार्यों में योगदान दे रहे हैं। उनका कहना था कि इन कर्मचारियों ने लगभग दो दशकों तक केंद्र सरकार की योजना के अंतर्गत कार्य किया है, इसलिए उन्हें नई व्यवस्था में संविदा कर्मचारी बनाकर छोड़ना न्यायसंगत नहीं है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 1 जुलाई से नई योजना लागू कर दी, लेकिन वर्षों से सेवा दे रहे कर्मचारियों के भविष्य को लेकर कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं की। इसी कारण पंजाब सहित कई राज्यों में कर्मचारी आंदोलन और हड़ताल करने को मजबूर हुए हैं। मंत्री ने कहा कि कर्मचारियों ने स्पष्ट किया है कि वे नई योजना में बिना सेवा सुरक्षा और नियमितीकरण के कार्य नहीं करना चाहते। तरुणप्रीत सिंह सौंद ने विपक्षी दलों पर भी निशाना साधते हुए कहा कि यह पूरी तरह केंद्र सरकार से जुड़ा विषय है।



# herbegy™

Think pure think herbal

## PREMIUM SPICES RANGE

Pure Spice. Rich Flavour.




## PURE | AROMATIC | PREMIUM QUALITY

Advertisement

For Dealer Inquiry Contact:

**727-515-0015**

Printed by: Desh Sewak Printers Limited, Sector-29-D, Chandigarh – 160030 and Published by: Shafiur Rahman from #2111 SF, TDI City, Sector-110, Mohali, Sahibzada Ajit Singh Nagar, Punjab – 140307. Owner, Publisher & Chief Editor: Shafiur Rahman. Title Verification Number: PBBIL/26/A0779. Periodicity: Monthly.